**विधान परिषद के प्रथम सत्र 2023 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-07 का उत्तर**

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 7(क) | क्या कृषि शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में कितने कृषि शिक्षा विश्वविद्यालय किन-किन जनपदों में स्थापित है? | जी हॉ,<br>प्रदेश में राज्य के अधीन कुल 04, निजी क्षेत्र का 01 एवं केन्द्र सरकार के अधीन संचालित 01 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थापित है, जिनका विवरण निम्नवत् है:-<br>• चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर<br>• आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या<br>• बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा<br>• सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ<br>• सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज<br>• रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झॉसी, उ0प्र0 |
| (ख) | उक्त् कृषि शिक्षा विश्वविद्यालयों में कुल कितने छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहें है? | • चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर- **2039 छात्र**<br>• आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या- **2166 छात्र**<br>• बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा- **1216 छात्र**<br>• सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ- **1906 छात्र**<br>• सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज - **9,955 छात्र**<br>• रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झॉसी, उ0प्र0- **448 छात्र**<br>**कुल छात्र - 17,730** |
| (ग) | क्या प्रदेश में कृषि शिक्षा के विकास हेतु और अधिक कृषि विश्वविद्यालयों की स्थापना किये जाने की कोई कार्य योजना है? | आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय (कैम्पस) जनपद आजमगढ तथा चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत जनपद लखीमपुर खीरी में कृषि महाविद्यालय (कैम्पस) में पठन-पाठन प्रारम्भ है एवं आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या के अंतर्गत जनपद गोण्डा में कृषि महाविद्यालय (कैम्पस) निर्माणाधीन है।<br>सम्प्रति उक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों एवं इनके अंतर्गत नव निर्मित महाविद्यालयों में आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं आदि की व्यवस्था एवं इनको सुदृढ करने का प्रयास किया जा रहा है।<br>उक्त के अतिरिक्त जनपद कुशीनगर में महत्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुशीनगर की स्थापना किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में रू0 50.00 करोड़ की बजट व्यवस्था की गयी है। |
| (घ) | यदि हॉ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | प्रश्न नहीं उठता है। |

(सूर्य प्रताप शाही,)
मंत्री,
कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग।